रोगियों, बिमारी से बच कर निकले लोगों और देखभाल करने वालों के लिए मदद

Help for Patients, Survivors and Caregivers - Hindi

अमेरिकन कैंसर सोसायटी कैंसर के इलाज के दौरान और इसके बाद आपकी मदद करने के लिए आपके समुदाय में और ऑनलाइन सहायता प्रदान करती है। अधिक जानकारी के लिए **cancer.org** पर जाएम या हमें **1-800-227-2345** पर कॉल करें।

निःशुल्क कैंसर सूचना केंद्र

अमेरिकन कैंसर सोसाइटी नेशनल कैंसर इंफॉर्मेशन सेंटर आपको किसी निदान के बारे में सवालों के जवाब देने, संसाधनों की पहचान करने, या आपकी बात सुनने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए हमारे देखभाल करने वाले, प्रशिक्षित कर्मचारियों से जोड़कर कैंसर से निपटने में मदद की पेशकश करता है। हम स्वास्थ्य बीमा सहायता, अमेरिकन कैंसर सोसायटी के कार्यक्रम और अन्य सेवाओं के लिए रेफरल देते हैं। हमारे साथ लाइव चैट करने के लिए हमें **1-800-227-2345** पर कॉल करें या **cancer.org** पर जाएं। हम एक अनुवाद सेवा के माध्यम से अंग्रेज़ी, स्पैनिश और 200 से अधिक भाषाओं में सहायता कर सकते हैं।

कैंसर के बारे में मुद्रित सामग्री

हमारी सामग्री आपके निदान, उपचार और संभावित दुष्प्रभावों को समझने में आपकी और आपके प्रियजनों की मदद कर सकती है और हमारे कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर सकती है। जब आप **1-800-227-2345** पर या आपनी कैंसर देखभाल टीम के माध्यम से हमसे संपर्क करते हैं तो हमारी मुद्रित सामग्री मुफ्त में उपलब्ध होती है।

उपचार के दौरान रहने के लिए स्थान

हमारा होप लॉज® कार्यक्रम कैंसर के रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए घर से दूर एक निशुल्क घर उपलब्ध कराता है, जब उन्हें इलाज के लिए यात्रा करनी होती है।कुछ क्षेत्रों में जहां हमारे पास कोई होप लॉज समुदाय नहीं है या यह भरा हुआ है, हमारे होटल पार्टनर्स प्रोग्राम में रोगियों और देखभाल करने वालों को मुफ्त में या कम दरों पर होटलों में रहने की सुविधा मिलती है, जहां वे इलाज कराते हैं।

उपचार के लिए सवारी

समय पर गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार की सबसे बड़ी बाधाओं में से एक परिवहन की कमी है।

परिवार और दोस्त मदद कर सकते हैं, लेकिन कई महीनों के दौरान, हो सकता है कि उनके पास हर सवारी प्रदान करने के लिए हमेशा समय या संसाधन न हों। इसीलिए अमेरिकन कैंसर सोसायटी ने रोड टू रिकवरी® कार्यक्रम शुरू किया। स्वयंसेवक ड्राइवरों, भागीदारों और सामुदायिक संगठनों के माध्यम से उपचार और कैंसर से संबंधित अन्य अप्वाइंटमेंटों के लिए रोगियों को परिवहन प्रदान करके उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल तक बाधाओं को दूर करना हमारे काम का मुख्य उद्देश्य है।

रोगी नेविगेशन

हमारे रोगी नेवीगेटर, देश भर में कई अस्पतालों में उपलब्ध हैं, उन सेवाओं को प्राप्त करने में रोगियों की मदद करते हैं जिनकी उन्हें ज़रूरत होती है ताकि उनकी कैंसर देखभाल टीम के बाकी लोग उपचार पर ध्यान केंद्रित कर सकें। रोगी नेविगेटर प्रत्येक रोगी के निदान के लिए अनुकूलित कैंसर और उपचार की जानकारी भी प्रदान कर सकते हैं, स्थानीय संसाधनों को खोजने में उनकी मदद कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सके कि उन्हें वह इलाज मिले जिसकी उन्हें आवश्यकता है, तथा और बहुत कुछ।

कैंसर सर्वाइवर्स नेटवर्क℠

कैंसर वाले लोगों और उनके परिवारों के लिए हमारे ऑनलाइन समुदाय में शामिल होने के लिए **csn.cancer.org** पर जाएं। हमारे सदस्य खोज, चर्चा बोर्ड, चैट रूम, और निजी कैंसर सर्वाइवर्स नेटवर्क ईमेल के माध्यम से उपचार, लंबे समय के दौरान रोग से बचकर निकले लोगों, या देखभाल करने वालों में अन्य लोगों को खोजें और उनके साथ जुड़ें।

रीच टू रिकवरी®

रीच टू रिकवरी कार्यक्रम स्तन कैंसर के रोगियों का उन प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के साथ मेल कराता है जिनका निदान और उपचार योजना उनके जैसे ही होती है ताकि साथी से साथी की सहायता प्रदान की जा सके।

“tlc” – टेंडर लविंग केयर®

हमारा "tlc" (टेंडर लविंग केयर) प्रकाशन कैंसर से निपटने वाली महिलाओं के लिए सस्ते दाम पर बालों के झड़ने से संबंधित और मास्टेक्टॉमी उत्पाद और साथ ही उन्हें उपयोग करने के तरीके के बारे में सलाह देता है। उत्पादों में विग, हेयरपीस, टोपी, पगड़ियां, स्तन रूप, मास्टेक्टॉमी ब्रा, मास्टेक्टॉमी कैमिसोल और मास्टेक्टॉमी स्विमवियर शामिल हैं। उत्पादों या कैटलॉग का ऑर्डर करने के लिए **1-800-850-9445** पर कॉल करें, या *"tlc"™* वेबसाइट **tlcdirect.org** पर जाएं।

अमेरिकन कैंसर सोसायटी की किताबें

हमारे पास विशिष्ट कैंसरों, कैंसर के बारे में सामान्य जानकारी, देखभाल करने, कैंसर और दुष्प्रभाव से मुकाबला करने, भावनात्मक समर्थन, परिवारों और बच्चों के लिए किताबें, और अन्य विषयों पर 40 से अधिक पुरस्कार विजेता किताबें हैं। आप अमेरिकन कैंसर सोसायटी की किताबें और ई-बुक्स **cancer.org/bookstore** पर, या राष्ट्रव्यापी पुस्तक खुदरा विक्रेताओं से खरीद सकते हैं।

जीवित रहने के दिशा-निर्देश और संसाधन

हमारे पास कैंसर के इलाज के दौरान और इसके बाद जीवन की गुणवत्ता और अन्य जरूरतों के साथ रो से बच कर निकले लोगों के लिए सामग्री और संसाधन हैं। विशिष्ट कैंसरों के लिए हमारे कैंसर के बच कर निकलने के दिशानिर्देश बच कर निकले लोगों की अनूठी जरूरतों का प्रबंधन करने में डॉक्टरों की मदद करते हैं, और बच कर निकले लोगों के लिए हमारे पोषण और शारीरिक गतिविधि दिशानिर्देश आपकी यह जानने में मदद करते हैं कि अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने और कैंसर के वापस आने के लिए आपके जोखिम को कम करने का तरीका क्या है।

कैंसर से परे स्प्रिंगबोर्ड

अमेरिकन कैंसर सोसायटी और नेशनल कैंसर इंस्टीव्यूट द्वारा बनाए गए कैंसर से बचे लोगों के लिए यह ऑनलाइन टूल **survivorship.cancer.gov** पर उपलब्ध है। मरीज़ और बच कर निकले लोग व्यक्तिगत एक्शन डेक बना सकते हैं, जो कि कैंसर के निदान के बाद उनकी शारीरिक और भावनात्मक देखभाल के प्रबंधन के लिए देखभाल करने वालों और उनकी देखभाल टीमों के साथ बेहतर संवाद करने में मदद करने के लिए चयनित जानकारी का संग्रह होता है।

देखभाल करने वालों के लिए

कैंसर आपको और आपके प्रियजनों दोनों को प्रभावित करता है। **cancer.org/caregivers** पर देखभाल करने वालों के लिए हमारी जानकारी उनकी खुद की जरूरतों को याद रखते हुए आपकी देखभाल करने में भी उनकी मदद करती है और उन्हें दिखाती है कि मदद और समर्थन कैसे मांगें। वे देखभालकर्ता मंचों के लिए **csn.cancer.org** पर भी जा सकते हैं।

नैदानिक परीक्षण

यदि आप ऐसे नैदानिक परीक्षणों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं जो आपके लिए सही हो सकते हैं, तो अपने चिकित्सक से यह पूछकर शुरूआत करें कि क्या आपका क्लिनिक या अस्पताल नैदानिक परीक्षण करता है या **1-800-227-2345** पर हमसे संपर्क करें और हमारे देखभाल, प्रशिक्षित कर्मचारियों में से एक के साथ बात करें।

cancer.org

हमारी वेबसाइट सबसे नवीनतम और सटीक कैंसर जानकारी तक पहुंच प्रदान करती है और अपने क्षेत्र में कार्यक्रम और सेवाएं खोजने में आपकी मदद करती है। नोट करने लायक कुछ पृष्ठ हैं:

- **cancer.org/survivors** – आपको प्रेरित करने के लिए समर्थन और उपचार विषयों, उपचार और उत्तरजीविता उपकरणों और आशा की कहानियों के लिए एक केंद्र
- **cancer.org/videos** – कैंसर की मूल बातें, कैंसर उपचार, नैदानिक परीक्षण, अमेरिकन कैंसर सोसायटी कार्यक्रम और सेवाओं, उत्तरजीविता के प्रभाव, व्यक्तिगत कहानियों और अन्य बातों सहित कैंसर से संबंधित विषयों पर वीडियो
- **cancer.org/treatmentdecisions** – कैंसर के निदान और उपचार में से निकलने आपकी मदद करने के लिए कैंसर उपचार निर्णय उपकरण और संसाधन
- **cancer.org/support** – अमेरिकन कैंसर सोसायटी और आपके क्षेत्र में अन्य कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी
- **cancer.org/phm** – अपने कैंसर के अनुभव को व्यवस्थित और नेविगेट करने में रोगियों की मदद करने के लिए जानकारी और ट्रैकिंग कार्यपत्रक
- **cancer.org/languages** – गैर-अंग्रेजी बोलने वालों को अन्य भाषाओं में कैंसर की जानकारी से जोड़ता है
- बस **cancer.org** पर जाकर और "लाइव चैट" पर क्लिक करके हमारे देखभाल करने वाले, प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ **सीधी बातचीत करें**

American Cancer Society®

cancer.org | 1.800.227.2345

BBB ACCREDITED CHARITY bbb.org/charity

HINDI
©2018, अमेरिकन कैंसर सोसायटी, इंक.
No. 080527 संशोधन 11/18
मॉडलों का प्रयोग केवल वर्गीकरण प्रयोजनों के लिए ही किया गया है।